शीर्ष प्राथमिकता

संख्याः– 1087/सत्तर–3–2021–08(20)/2020

प्रेषक,

श्रवण कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

2. कुलपति,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 10 मई, 2021

विषयः कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों को संचालित किये जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–1074/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 04 मई, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त उच्च शिक्षण संस्थाएं एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय परिसर भौतिक रूप से बन्द किये जाने और परिसर में किसी भी शिक्षक, छात्र/छात्रा तथा कर्मचारी अथवा अधिकारी की उपस्थिति न रहने तथा इस अवधि में ऑनलाईन कक्षाएं भी दिनांक 15 मई, 2021 तक स्थगित रखे जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त उच्च शिक्षण संस्थाएं एवं राज्य/निजी विश्वविद्यालय तथा समस्त महाविद्यालय परिसर भौतिक रूप से दिनांक 20.05.2021 तक बन्द रहेंगे और परिसर में किसी भी शिक्षक, छात्र/छात्रा तथा कर्मचारी अथवा अधिकारी की उपस्थिति नहीं रहेगी। इस अवधि में ऑनलाईन कक्षाएं भी स्थगित रहेंगी।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(श्रवण कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

पत्रांकः लो0अ0वि0/कु0स0का0/2021/732 दिनांकः 10.05.2021

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को उपरोक्त आदेश के अनुपालनार्थ प्रेषित।
2 अधिष्ठता छात्र कल्याण/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को उपरोक्त उच्च शिक्षा के आदेश के अनुपालनार्थ।
3 वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव।
4 प्रशासनिक अधिकारी/प्रभारी समस्त अनुभाग, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को उपरोक्त आदेश के अनुपालनार्थ।
5 प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगइन आई0डी0 में अपलोड करने का कष्ट करें।
6 निजी सचिव, कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
7 पत्रावली।

कुलसचिव